


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 91 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 09 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## ठंड का कहर बरकरार, दोपहर में भी जलाना पड़ रहा अलाव

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नए साल की शुरुआत से ही मौसम सर्द बना हुआ है। पिछले आठ दिनों में मंदसौर जिला बादलों के आगोश में है। केवल एक दिन कुछ समय के लिए सूर्य नारायण के दर्शन हुए थे। सोमवार को सुबह से घना कोहरा छाया हुआ रहा। सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास बना रहा। सोमवार के बाद मंगलवार को भी जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश की संभावना बन रही है। अगले दो तीन दिन और मौसम ऐसा ही बना रहेगा। मौसम जानकारों के अनुसार 'साइकोनिक सर्कुलेशन सिस्टम उत्तर प्रदेश के ऊपर है। दूसरा इंडो साइकोनिक सर्कुलेशन राजस्थान के ऊपर है। वहीं, गुजरात से उत्तर प्रदेश तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। आज से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है, इसका असर 12 जनवरी तक रहेगा। इससे भी कोहरा और हल्की बारिश होने का अनुमान है। सिस्टम के कमजोर होने व बादल छंटने के बाद रात के तापमान में और गिरावट आएगी।




17 वां पुण्य स्मरण

परम श्रद्धेय पूज्य स्व. श्री बद्रीलालजी झंवर (जावद वाले)

(स्वर्गवास 9 जनवरी 2007)

आपके उच्च आदर्श, जीवन दर्शन के संकल्प और हम सभी के प्रति अगाध स्नेहमयी उष्मता हमें प्रेरित करती रहेगी। हम आपके सुदृढ़, दयालु एवं सरल विचार के साथ आपके सपने साकार करने को कृत संकल्प है।

आपकी 17वीं पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन श्रद्धासुमन अर्पित करते है।

✻✻✻✻ श्रद्धावनत ✻✻✻✻

ऊमंगदेवी (पत्नि), रामकिशन (भाई)

♦ राधेश्याम – गीता, जगदीश– रेखा, सुनील–संध्या (पुत्र–पुत्र वधु), चन्द्रेश – मेघना (पौत्र– पौत्रवधु), आकाश–कृतिका (पौत्र– पौत्रवधु), पलाश, प्रतीक (पौत्र), कार्तिक (प्रपौत्र) एवं समस्त झंवर परिवार

♦ सुनीता– सुनील बाहेती, अनिता– नितिन काबरा (पुत्री व दामाद), ज्योति– मंगल काबरा विद्या– आशीष चिचानी (पौत्री व दामाद), मयंक, केशव, माधव, अवि (दोयता), पलक, सिया (दोयती)

✻✻ फर्म ✻✻

♦ जगदीश टी डिपो
♦ झंवर इंटरप्राईजेस
♦ विनस कम्प्यूटर्स,
♦ झंवर मेडिकोज
मन्दसौर




# गुमटी माफियाओं के हवाले शहर

## अतिक्रमण किया चिन्हित, गुमटियां नहीं नजर आई

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दो दिन पहले स्टेशन रोड पर कोर्ट के आदेश के बाद अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण के चलते बिगड़ रही यातायात व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कलेक्टर-एसपी ने मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर अतिक्रमण चिन्हित किया। हालांकि अधिकारियों को शहर की अवैध गुमटियां नजर नहीं आई। जिनकी संख्या 1500 से 3 हजार तक पहुंच गई है। कई मुख्य मार्गों पर जाम का कारण गुमटियां बन रही है। कार्रवाई के अभाव में दशपुर मानो गुमटीपुर होता जा रहा है।

### रसूख के दम पर रखवाते गुमटियां, वसूलते किराया...

गुमटियां रखवाने का शहर में चलन बन गया है। रसूख के दम पर नेता या रसूखदार गुमटियां रखवाते है और किराए पर देकर इनका किराया भी वही वसूलते है। नपा 10 रुपए की रसीदें फाड़कर नाम का टेक्स वसूलती है। लेकिन, जितनी संख्या में गुमटियां रखी है, उन सभी से राजस्व भी नहीं वसूली हो पाती है। नपा के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है कि वह किन लोगों से गुमटियों का राजस्व ले रही है और किन क्षेत्रों में किन लोगों की गुमटियां संचालित हो रही है। इसी कारण गुमटीमाफिया गिरोह को कोई बेनकाब भी नहीं कर पा रहा है। चार वर्ष पूर्व चलाए ऑपरेशन सफाया में जब नपा ने दशपुरकुंज के बाहर से अवैध गुमटियां हटाई तब यह जानकारी सामने आई थी कि यहां 10 से ज्यादा गुमटियां किसी एक व्यक्ति की थी, जिसने तीन से पांच हजार रुपए में किराये पर दे रखी थी। तत्कालीन नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार की हत्या का आरोपी मनीष भी किराये की ही गुमटी में ही ऑफिस संचालित कर रहा था। इस तरह गुमटी माफिया इनको किराये पर देकर लाखों रुपए की अवैध कमाई कर रहे हैं।

### तीन हजार गुमटिया...

बड़े अस्पताल के बाहर, स्टेशन चौराहा, स्टेशन रोड, महाराणा प्रताप बस स्टैंड चौराहा, नेहरु बस स्टैंड क्षेत्र, कंट्रोल रुम चौराहा, श्रीकोल्ड चौराहा, कालेज रोड़ के अलावा शहर के हर और गुमटियों रखी हुई है और संरक्षण के कारण गुमटियों का यह काकस कोई तोड़ भी नहीं पा रहा है। पूरे शहर में तीन हजार से अधिक गुमटियां अवैध रुप से रखी हुई है। सरकारी जमीन पर कब्जा और गुमटी रखने के कारण नपा हर दिन 10 रुपए की रसीद काटकर राजस्व वसूलती तो है, लेकिन वह बहुत कम लोगो से ही वसूली कर पाती है।

### प्रयास सिर्फ दिखावे के...

शहर में अवैध गुमटियों का कारोबार दिनोदीन फलता जा रहा हैं। लेकिन, जिम्मेदार इन पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। तत्कालीन नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार हत्याकांड के बाद 5 दिन तक अवैध गुमटियां हटाने की कार्रवाई की गई। तत्कालीन कांग्रेस सरकार में ऑपरेशन सफाया में अवैध गुमटियां हटाई। लेकिन, अब गुमटी माफिया वापस सक्रिय हो गए हैं। पहले जहां से प्रशासन ने एक गुमटी हटाई वहां दो या इससे अधिक लग गई, जहां कार्रवाई नहीं हुई, वहां और अवैध गुमटियां लग गई। गुमटीवालों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से नपा व प्रशासन भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

### [ कार्रवाई के अभाव में गुमटीपुर बनता जा रहा दशपुर ]

### यातायात व्यवस्था हो रही बाधित...

बड़े अस्पताल के सामने अवैध गुमटियों को हटाने पर अब यहां हाथ ठेलों ने उनकी जगह ले ली। इसके अतिरिक्त नेहरू बस स्टैंड के पीछे व आसपास के क्षेत्र में 400 से ज्यादा अवैध गुमटियां हैं। आंबेडकर चौराहा पर 30 से ज्यादा, इसके साथ ही रेलवे स्टेशन पर, गांधी चौराहा से नेहरू बस स्टैंड रोड पर, भारत माता चौराहा से बंडीजी बाग तक, बंडीजी बांग से सम्राट मार्केट तक गुमटियां रखी हैं। इस तरह पूरे शहर में चार साल पहले 1500 के करीब अवैध गुमटियां लगी थीं, जो अब 3 हजार तक पहुंच गई हैं। तत्कालीन नपाध्यक्ष प्रहलाद बंधवार हत्याकांड के बाद श्री कोल्ड चौराहे से कालेज रोड़ पर हटाई गई गुमटियां अब कहीं ज्यादा संख्या और बड़ी साईज में लग गई है। इनमें से कई में तो विद्युत मंडल ने अवैध रूप से लाईट कनेक्शन भी दे दिए है। लेकिन, इस ओर जिम्मेदारो का ध्यान ही नहीं है।

# गांधीसागर अभ्यारण्य में छोड़े 23 चीतल



**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** फरवरी माह में अफ्रीका से आने वाले चीतो के शिकार के लिए वन विभाग द्वारा सोमवार को एक बार फिर वन विभाग द्वारा अभ्यारण्य क्षेत्र में 23 चीतल छोड़ गए।

वन मंडल अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में चीतों के सफल पुनर्स्थापना के उपरांत गांधी सागर अभ्यारण्य को चीतों के दूसरे घर के रूप में तैयार किया जा रहा है। प्रचलित चीता पुनर्स्थापना योजना में चीतों के लिए लिए तैयार किया जा रहा 64 वर्ग किमी का बाड़ा बनकर लगभग तैयार हो गया है। शेष कार्य अंतिम चरण में है। इसी बीच चीतल का आना भी शुरू हो गया है। गांधी सागर अभ्यारण्य में चीतों के पुनर्स्थापना के पूर्व शाकाहारी वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ाने हेतु 1250 चीतल हिरण अन्य संरक्षित क्षेत्रों से स्थानांतरित किए जाने है। ताकि चीता हेतु शिकार के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध हो सके।

कान्हा नेशनल पार्क से आने वाले कुल 500 हिरण में से 23 हिरण पहली खेप में गांधी सागर अभ्यारण्य में पहुंच चुके हैं। जिन्हें सफलतापूर्ण स्वस्थ अवस्था में वन्य प्राणी पशु चिकित्सक की निगरानी में शाकाहारी वन्य प्राणी हेतु निर्मित 90 हैक्टेयर के बाड़े में छोड़ दिया गया है। वन विहार नेशनल पार्क भोपाल से 250, नरसिंहगढ़ अभ्यारणय राजगढ़ से 250 चीतल हिरण एवं फरवरी, मार्च में शाजापुर से 400 कृष्ण मृग हिरण अभ्यारण्य में स्थानांतरित किए जाएंगे।

## नप अध्यक्ष पुत्र ने की मारपीट, प्रकरण दर्ज

**भानपुरा, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तहसील क्षेत्र की भैंसोदा नगर परिषद अध्यक्ष पुत्र व पूर्व सरपंच के बेटे ने एक युवक के साथ मारपीट की। मामले में पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की है।

भैंसोदामंडी निवासी अर्जुन नामदेव ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात 8 बजे सड़क किनारे अलाव लगाकर ताप रहे थे। तभी भाजपा के पूर्व सरपंच श्याम गुर्जर का बेटा बिन्नी उर्फ शुभम गुर्जर स्कार्पियो से उतरकर खुले में पेशाब करने लगा। टोकने पर बिन्नी और उसका साथी नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री अजय पौराणिक का बेटा अभिषेक पौराणिक ने जबरन गाड़ी में बैठाया और एकांत इलाके में ले गए। जहां गाड़ी रोककर डंडों से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि आंख, सीधे पांव और हाथ की उंगलियों में गंभीर चोट आई है। अपनी जान बचाकर पूर्व सरपंच के घर पहुंचा तो पूर्व सरपंच के बेटे ने पीछा करते हुए जानलेवा हमला करने की कोशिश की। मामले में चौकी प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय का कहना है कि मुख्य आरोपी शुभम उर्फ बिन्नी गुर्जर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### नशे में बेटे से घटना हो गई...

मामले में पक्ष जानने के लिए संपर्क करने पर नप अध्यक्ष का मोबाइल नो रिप्लाई रहा। वहीं पूर्व सरपंच श्याम गुर्जर का कहना है कि नशे में बच्चे से घटना हो गई है, उसको समझा दिया है।









# श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में स्वर्ण कलश आरोहण एवं श्री हनुमंत महायज्ञ के भव्य महोत्सव की चल रही है व्यापक तैयारियां

**गणमान्य जनों एवं मातृशक्ति की बैठक सम्पन्न, अयोध्या में रामलला मंदिर में बनी यज्ञशाला और हवन कुंड के शिल्पी ही कर रहे हैं यज्ञशाला तैयार**

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 20 से 25 जनवरी तक 6 दिवसीय स्वर्ण कलश आरोहण समारोह एवं 108 कुंडीय हनुमंत महायज्ञ के भव्य आयोजन की व्यापक तैयारी को लेकर माहेश्वरी धर्मशाला में नगर के गणमान्य जनों एवं मातृशक्ति की एक वृहद बैठक संपन्न हुई।



इस बैठक में यज्ञाचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा शास्त्री ने कहा कि श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर की महिमा विश्व विख्यात है यह विलक्षण संयोग है कि रामलला के मंदिर अयोध्या जी में प्रतिष्ठा के बाद बालाजी मंदिर पर स्वर्ण कलश का आरोहण होगा। आपने बताया कि यज्ञशाला का निर्माण अयोध्या जी में जिन शिल्पियों ने रामलला के मंदिर में यज्ञशाला और हवन कुण्ड का निर्माण किया है वे ही यहां वहां हवन कुंड यज्ञ शाला का निर्माण कर रहे हैं। साथ ही कर्नाटक की जिन पर्वत श्रृंखला में भगवान हनुमान जी का जन्म हुआ इसी पर्वत के कुंड का जल से यज्ञशाला को पवित्र किया जाएगा। आपने बताया कि मातृशक्ति की कलश यात्रा का बड़ा महत्व होता है समुद्र मंथन से जो रत्न निकले थे उसमें एक कलश भी था जिसमें सारी देवी शक्तियां विराजमान रहती है इसीलिए मातृशक्ति ही कलश को मस्तक पर धारण करती हैं इससे उनके सभी कष्टदूर होते हैं और मनोकामनाएं भी पूरी होती है। आपने 20 से 25 जनवरी तक से ही दिन होने वाले धार्मिक विघ्नों की विस्तृत व्याख्या सहित जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर उपाध्यक्ष नम्रता चावला वरिष्ठ समाजसेवी श्री गुरु चरण बग्गा, विकास आचार्य, श्रीमती पुष्पा भंडारी रूपल संचेती ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से इस भव्य धार्मिक महोत्सव में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। साथ ही मातृशक्ति से कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का भी का भी आव्हान किया गया। आरंभ में समूचे महोत्सव की जानकारी देते हुए श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि 20 जनवरी को भव्य कलश यात्रा श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से रुद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड तक निकलेगी। 21 जनवरी से दया मंदिर परिसर में 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ का शुभारंभ होगा 25 जनवरी को स्वर्ण कलश का आरोहण होगा। उन्होंने बताया कि 6 दिन से आयोजन में भानपुर आवंटर पीठ के पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ का सानिध्य प्राप्त होगा। एवं युवाचार्य श्री वरुणेंद्र जी तीर्थ, सोला अहमदाबाद भागवत विद्यापीठ के पूज्य श्री भागवत ऋषि, आचार्य श्री रामानुज जी तथा श्री हरेश भाई शास्त्री भी सम्मिलित होंगे। बैठक के आरंभ में श्री ताले वाले बालाजी मंदिर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी जिन्होंने अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में सम्मिलित होने का संकल्प लिया।





# सनातन काल से गीता ज्ञान देश काल को दशा एवं दिशा देता आया है-स्वामी रामदयालजी

**गीता भवन में पांच दिवसीय गीता जयंति महोत्सव आरंभ, 11 तक प्रवचनों का लाभ लेवें**

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री धर्मधाम गीता भवन में 51 वा गीता जयंती महोत्सव एव 48 वा नेत्र शिविर का शुभांरभ अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामदयाल जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व महाराज श्री का आगमन श्री पशुपतिनाथ मंदिर हुआ, जहा पर महाराज श्री ने पशुपति नाथ महादेव के दर्शन किए ओर वहा से आयोजन समिति के स्वागताध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल की अगुवाई में वाहन रैली के साथ महाराज श्री को नगर भ्रमण करवाते हुए धर्म धाम गीता भवन पहुंचे जहां पर पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का शुभांरभ और प्रवचन आरम्भ हुए। धर्मधाम गीता भवन संस्थापक अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवास जी महाराज ने 48 वें नेत्र शिविर का शुभारंभ किया। नेत्र शिविर समाजसेवी स्व. पन्नालाल ठेकेदार की स्मृति में उनके सुपुत्र शेषनारायण माली की और से आयोजित किया गया था। गीता जयंति महोत्सव में आचार्य श्री के साथ पधारे संत श्री रामनारायण जी देवास, संत श्री राजाराम जी आहोर, ज्योतिषाचार्य दीदी लाड़कुंवर भी मंच पर विराजित थे। 7 जनवरी से 11 जनवरी तक गीता जयंति महोत्सव में प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक गीता जयंति पर प्रवचन होंगे।

महाराज श्री रामदयाल महाराज ने कहा कि गीता जयंती क्यों मानना चाहिए? गीता का हमारे समाज, परिवार, देशकाल पर :या प्रभाव छोड़ती है। साक्षात परमात्मा के अंतरकरण से गीता का ज्ञान प्रकट हुआ। सनातन काल से गीता ज्ञान देश काल को दशा और दिशा देता आया है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मुखारविंद से अमृत्तुल्य वचनों को प्रकट किया। आज की परिस्थितियों में गीता की प्रासंगिकता क्या है? गीता का क्या महत्व है कलयुग में। महाराज श्री ने कहा कि संगठन में रहे, संगठन में बहुत शक्ति होती है, वैश्य बंधुओ और मारवाडी युवा मंच संगठन द्वारा एक साथ संगठित होकर उपस्थिति दर्ज की है। आप संगठन के साथ रहे। महाराज श्री ने कहा कि मंदिर में गुरु के सामने हाथ क्यों जोड़ते हैं? हाथ जोड़ना यह संदेश देता है कि आप जुड़ कर रहे, संगठित रहे, माता-पिता के साथ जुड़कर रहे, पति-पत्नी से जुड़े रहे, समाज परिवार के साथ जुड़े रहे। महाराज ने कहा कि वह व्यक्ति हताश, निराश और तनाव में ज्यादा रहता है जो सत्संग से, राम भक्ति से दूर रहता है। मन को सत्संग में लगाए, अपनी तुलना किसी और से नहीं करना चाहिए। संसार में हर व्यक्ति अपनी तुलना औरों से करके दुखी है। स्वयं के गुणों को पहचाने और उसे पर गौरव महसूस करें। मां, महात्मा और परमात्मा की सदैव शरण में रहे। समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। नि:शुल्क नैत्र शिविर में लाभमुनि नैत्र चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. अशोक सोलंकी एवं स्टॉफ ने अपनी सेवाएं दी।

# पेंशनर महासंघ के डे केअर सेंटर एवं मेघदूत नगर इकाई का पुनर्गठन हुआ

**डे केअर के डॉ. पुराणिक मुख्य व्यवस्थापक तथा मेघदूत के पाण्डे अध्यक्ष मनोनीत**

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मंदसौर के त्रैवार्षिक पुनर्गठन कार्यक्रम के तहत नगर अध्यक्ष अशोक रामावत, नगर सचिव चंद्रकांत शर्मा, पुनर्गठन समिति सदस्य कोमल वाणवार के मार्गदर्शन में डे केअर सेंटर मंदसौर एवं मेघदूत नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया।




डे केअर सेंटर इकाई संवरक्षक आर.पी. व्यास, मुख्य व्यवस्थापक डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, समन्वयक श्रवण कुमार त्रिपाठी, सह व्यवस्थापक सी.एन. श्रीवास्तव, सचिव राजेन्द्र पोरवाल, सहसचिव अम्बालाल चन्द्रावत, कोषाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राणावत, सदस्य राजेन्द्र पाठक, नन्दकिशोर अरोरा, नवनीत डाबी, नाहरसिंह सिसोदिया, ओ.पी. मिश्रा बनाए गये। इसी प्रकार मेघदूत नगर इकाई के संवरक्षक एस.एल. बोहरा, के.एल. मेहता, अध्यक्ष भूपेश पाण्डे, उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, एम.एल. परमार, सचिव महावीर रघुवंशी, सहसचिव बी.एल. सोनी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार श्रोत्रिय, संगठन सचिव दिनेश बघेरवाल, सदस्य वीरेन्द्र भट्ट, के.जी. उपाध्याय, निर्मलकुमार जैन, आर.के. जैन, श्रीमती विमला मेहतरा, श्रीमती विजयलक्ष्मी रघुवंशी, श्रीमती कृष्णा भट्ट, पारसमल जैन को बनाया गया। दोनों इकाई के नवीन पदाधिकारियों को महासंघ के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे, जिला सचिव नन्दकिशोर राठौर, जिला उपाध्यक्ष (म.) चन्द्रकला सेठिया, जिला सचिव (म.) शकुंतला चौहान, कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल सोनगरा, अजीजुल्लाह खान आदि ने बधाई दी है।

## स्व. कश्मीरी लाल जी अरोरा गंगानगर बैडमिंटन प्रतियोगिता...

# पांचवें दिन 30 मैच हुए, 5 फाइनल मुकाबले आज होंगे

**नीमच, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय कश्मीर लाल जी अरोरा की स्मृति में पांच दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता लायंस क्लब में खेली जा रही है।सोमवार को महिला व पुरुष वर्ग में सिंगल्स सुबह डबल्स सुबह मिक्स डबल्स के 30मुकाबले खेले गए दिन भर विभिन्न मैच खेले गए विजेता खिलाड़ियों ने अब फाइनल में प्रवेश किया प्रतियोगिता आयोजक अरुल अशोक गंगानगर, नीमच जिला बैडमिंटन एसोसिएशन सचिव दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला आज मंगलवार को होगा। पांच विभिन्न वर्ग के फाइनल मुकाबले आयोजित होंगे।फाइनल मैच में मध्य



प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री अनिल चौगुले इंदौर से एडवाइजर जय सिंह भोपाल से फाइनल मैच में उपस्थित रहेंगे। सोमवार को आयोजित 30 मेंचों में फाइनल वर्ग के महिला सिंगल्स वर्ग में अनीशा वासे भोपाल, प्रियंका पंथ भोपाल को अवंतिका पांडे ।लिरि ने भूमिका वर्मा देवास को हरा कर फाइनल प्रतियोगिता में प्रवेश किया इसी प्रकार पुरुष डबल्स वर्ग में पीयूष बोबडे ,यश रायकवार धार ने आदित्य चौहान अमित राठौड़ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला डबल्स में ऐश्वर्या मेहता धार प्रियंका पंथ भोपाल ने जूही चौधरी अनुष्का शाहपुकर एमपीबीए को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अवंतिका पांडे एमपीबीए अनीसा वासे भोपाल ने स्वाति सिंह सोलंकी इंदौर अदिति वर्मा भोपाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया पुरुष एकल वर्ग में आकाश चौहान उज्जैन ने सत्यम गुप्ता को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ ही पुरुष एकल में अमित राठौर धार ने आदित्य चौहान धार को तीन गेम में हराकर फाइनल का प्रवेश किया। इसके साथ ही यश रायकवार धार, अदिति वर्मा भोपाल ने अमित राठौर धार ,अनीसा वासे भोपाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल धार के अमित राठौर एवं उज्जैन के आकाश चौहान के मध्य खेला जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद ने आडम्बर व अंध विश्वास के विरूद्ध आवाज उठाई

## हिन्दी साहित्य संस्थान की संगोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिन्दी साहित्य संस्थान द्वारा स्वामी विवेकानन्द व्यक्तित्व एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार श्री देवेश्वर जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद बचपन से ही सत्य के पक्षधर रहे। उन्होने कई अवसरो पर आडम्बरो एवं अंधविश्वासो के प्रति आवाज उठाई। उन्होने भारतीय संस्कृति और सनातन हिन्दू धर्म के मूलतत्वो का विश्व पटल पर प्रचार कर भारत का गौरव बढाया। उनके उत्कृष्टचरित्र की छाप पूरे संसार पर पडी। उन्होने चरित्र निर्माण पर जोर दिया। मजबूत शरीर का आध्यात्मिक उर्जा अर्जन मे महत्व प्रतिपादित किया। श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवा उर्जा के उपयोग से मानव कल्याण की राह प्रशस्त की। आत्म विश्वास, आत्म निर्भरता, आत्म ज्ञान, आत्म संयम व आत्म त्याग को उन्होने आवश्यक बताया। विपन्न, अभावग्रस्त व शोषित, पीडित लोगो की मदद को पुण्य कार्य बताया। स्वामी जी ने भारत और पूरी दुनिया क लोगो को जीवन की सार्थकता के सूत्र बताये। हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अध्यात्म की चरम उपलब्धियां प्राप्त की और इनके माध्यम से नैतिक व मानवीय मूल्यो की प्रतिष्ठा के लिए प्रयास किया। श्री शांतिलाल सोनी व श्री भेरूलाल शर्मा ने विचार व्यक्त किये। पं.प्रकाश दीक्षित, डॉ.रविन्द्र जोशी, महेश सोमानी, राजकुमार जसवंत, यशवंत प्रजापति, भेरूलाल पटेल ने सहभागिता की। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने स्वागत किया। श्री रमेश ब्रिजवानी ने गीत प्रस्तुत किया। संचालन श्री कृष्णकुमार जोशी ने व आभार प्रदर्शन हिन्दी साहित्य संस्थान के सचिव निरंजन भारद्वाज ने किया।

# नि:शुल्क ब्लड प्रेशर जांच के लिए अभियान प्रारंभ

**नीमच, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा सोमवार को नीमच जिले के ग्राम जमुनिया कला में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से जिले के सभी मेडिकल स्टोर पर आम नागरिकों की निशुल्क बीपी जांच के अभियान का शुभारंभ किया गया। महामहिम राज्यपाल ने अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया।



इसके बाद कलेक्टर श्री दिनेश जैन ,एसपी श्री अमित कुमार तोलानी, एडीएम सुश्री नेहा मीना ने जिला चिकित्सालय के सामने स्थित मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर निशुल्क बीपी जांच अभियान का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के श्री अजीत कुमार गॉग एवं पदाधिकारी ड्रग इंस्पेक्टर नीमच , शासकीय चिकित्सगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने नागरिकों से अपने नजदीकी मेडिकल स्टोर पर अपनी ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच करवाने की अपील करते हुए कहा कि नागरिक अपने ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच अवश्य करवाए और जांच के उपरांत चिकित्सक की सलाह से उपचार ले। जिससे कि ब्लड प्रेशर के असामान्य होने पर भविष्य में होने वाले गंभीर रोगों से सुरक्षित रह सके। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से चलाए गए इस अभियान में जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे सहयोग की भी सराहना की है।

# शिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ के अवसर पर नगर में निकली पौथी यात्रा



**नाहरगढ़, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर मे 7 दिवसीय शिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ महोत्सव के आज प्रथम दिवस पर नगर के सदर बाजार स्थित गणेश मंदिर से पोथी पूजन एवम् कलश यात्रा निकली जो अन्नपूर्णा चौक, संजय मार्केट, नीम चौक, चारभुजा मंदिर, हनुमान चौक होते हुए नांनकिया बाग हनुमान मंदिर कथा स्थल पहुंची शिवमहापुराण कथा गंभीरपुरा तह. ईडर जिला. साबरकाठा(गुजरात ) के देव दरबार रामेश्वर आश्रम के स्वामी महंत श्री मंगलपुरीजी महाराज के मुख़ारविंद से 7 दिवसीय शिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ किया जा रहा है जो 8 जनवरी से शुरू हुआ, नांनकिया बाग हनुमान मंदिर पर प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कथा की जावेगी, जिसमे पोथी व कलश यात्रा के पश्चात द्वितीय दिवस क़ो ब्रम्हा-विष्णु-महेश अहंकार होना व ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति, तृतीय दिवस नारदजी की तपस्या व सृष्टिका वर्डन, चतुर्थ दिवस ब्रम्हाजी की मानसिक सृष्ठी व दक्ष प्रजापति की उत्पत्ति व सती प्रसंग, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह, षष्ट्म दिवस कार्तिक उत्पत्ति व तारकासूर का वध व गणेशजी का प्राकट्य, सप्तम दिवस कथा विराम रहेगी साथही इस अवसर पर 13 जनवरी क़ो भव्य सुन्दरकाण्ड व 14 जनवरी क़ो भजन संध्या का आयोजन रहेगा! शिव महापुराण कथा का आयोजन सत्यनारायण धूलचंद धनोतिया नाहरगढ द्वारा करवाया जा रहा है।

## कलेक्टर द्वारा चाइनीस धागे की बिक्री, भंडारण एवं उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

**नीमच, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा नीमच जिले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973की धारा 144 के तहत चाइनीस डोर, धागे की बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।इस संबंध में 8 जनवरी को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जावेगी।

# बाइक की टक्कर से युवक घायल

**पिपलियामंडी, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से युवक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लूनाहेड़ा फन्टे पर पिपलिया की ओर से आ रही बाइक (एमपी 14 एनएफ 9665) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर पिपलियामंडी निवासी हिमांशु संघवी को टक्कर मार दी, जिससे पैर में चोंटे आई। पुलिस ने विवेचना के बाद रविवार को बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 में केस दर्ज किया।

## दिगामी रुप से कमजोर युवक का फर्जी डोडाचूरा प्रकरण बनाने का आरोप..! नारकोटिक्स अधिकारी बोले-कार्रवाई सही

**पिपलियामंडी, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव काचरिया चन्द्रावत के युवक के खिलाफ इंदौर नारकोटिक्स विंग ने डोडाचूरा तस्करी का केस बनाया। किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने कार्रवाई को फर्जी बताया व कहा कि युवक की दिगामी हालत कमजोर है, जिसे पुलिस ने फर्जी फसाया है। वहीं नारकोटिक्स अधिकारी का कहना है कार्रवाई सही है, युवक ट्रक ड्राइवरों को डोडाचूरा बेचता था। जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स विंग इंदौर ने पिपलियामंडी थानान्तर्गत गांव काचरिया चन्द्रावत निवासी राधेश्याम पिता कैलाश चोधरी को हाईवे पर 40 किलो डोडाचूरा सहित गिरफ्तार किया। नारकोटिक्स ने कार्रवाई में बताया युवक ट्रक ड्राइवरों को डोडाचूरा बेचने के लिए खड़ा था, जिसे पकड लिया, न्यायालय ने आरोपी को मंदसौर जेल भेजने के आदेश दिए है। इधर किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने आरोप लगाया नारकोटिक्स विंग की कार्रवाई फर्जी है व खानापूर्ति बतौर है। गांव के जिस युवक का केस बनाया है उसकी दिमागी हालत कमजोर है, तस्करों को बचाने के लिए नारकोटिक्स बेगुगाह युवकों पर फर्जी प्रकरण लाद रही है। जोकचन्द ने बताया पकडाया युवक हाईवे के ढाबों पर मजदूरी करता है, परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यन्त कमजोर है। उसकी विक्षिप्त मां पिछले 10 वर्षों से लापता है वहीं उसके पिता पैरालिसिस (लकवाग्रस्त) होने के कारण बीमार है, वहीं अन्य परिजनों की दिगामी हालत भी कमजोर है। एसे में नारकोटिक्स विंग की यह कारवाई पूरी तरह फर्जी है।

**कार्रवाई पूरी तरह सही:-** इंदौर नारकोटिक्स विंग के टीआई अजय काडिया का कहना है नारकोटिक्स की कार्रवाई पूरी तरह सही है, युवक लम्बे समय से हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों को डोडाचूरा बेचता था। वह क्या करता था व उसके परिवार की क्या स्थिति है, यह हमें नही पता।

## महोत्सव के निमित्त धन संग्रह नहीं किया जा रहा

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि ऐसा ज्ञात हुआ है कि कतिपय लोग 20 से 25 जनवरी को होने वाले श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में स्वर्ण कलश आरोहण एवं श्री हनुमंत महायज्ञ के निमित्त बाजार से धन संग्रह कर रहे हैं। पं त्रिवेदी ने स्पष्ट कहा है कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा किसी को भी धन संग्रह करने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है और ना ही धन संग्रह का कोई अभियान चलाया जा रहा है।नगर वासी सचेत रहें। कोई भी व्यक्ति यदि इस महोत्सव के नाम से धन संग्रह करना आता है तो तत्काल मंदिर समिति को अवगत कराएं।

## प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 12 को

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन.शर्मा ने बताया कि बी.ए./ बी.कॉम /बी.एससी./बी.सी.ए एव बी.बी.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (नियमित एवं स्वाध्यायी) की कम्प्यूटर के मेजर, माईनर, ओपन इलेक्टिव, वोकेशनल एवं फील्ड प्रोजेक्ट विषयों की पूरक प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 12/01/2024 को आयोजित की जा रही है। प्रायोगिक परीक्षा के दिन सभी विद्यार्थी दोपहर 12.00 बजे कम्प्यूटर विभाग में अनिवार्यत: उपस्थित रहें। विस्तृत जानकारी, विद्यार्थी कम्प्यूटर विभाग के सूचना पटल पर देख सकते है।

## आरोपी रईस जिला बदर

**नीमच, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत आरोपी रईस उर्फ गुडडू पिता रमजानी खां निवासी नई आबादी सिंगोली थाना सिंगोली को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

# उद्घाटन के पांच साल बाद भी दलौदा स्वास्थ्य केन्द्र पर ताले-भाटी

**विधायक जैन को कराया अवगत, कलेक्टर जनहित में दलौदा स्वास्थ्य केन्द्र चालू करवाए**

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले का सबसे बडी ग्राम पंचायत उपरांत नगर परिषद घोषित होने के बावजुद दलौदा नगर को आज भी मूलभूत सुविधाओ से वंचित होना पड रहा है। दलौदा तहसील मुख्यालय पर स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर भवन बनकर तैयार हुआ जिसका शुभारंभ तत्कालिन जनप्रतिनिधियो द्वारा किये जाने के बावजुद आज दिन तक भवन में ताले पडे है। लगभग 95 लाख की लागत से निर्मित भवन लगातार खण्डर में तब्दील हो रहा है जिसे देखते हुये कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग जनहित में भवन को चालु करते हुये स्टाफ की तैनाती करवाये। यह बात जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी ने कही। उन्होनें इस पुरे मामले से



नवनिर्वाचित विधायक श्री विपिन जैन को अवगत कराते हुये कहा कि वर्ष 2018 में आदर्श आचार संहिता के पूर्व आनन फानन में भवन का लोकार्पण जनप्रतिनिधियो ने कर दिया। कुछ दिनो तक स्टाफ भी तैनात किया गया ताकी चुनावी समय में आम नागरिको को प्रभावित कर चुनावी लाभ लिया जा सके लेकिन उसके बाद आज दिन तक भवन के ताले नही खुले। उन्होनें वर्तमान भवन की हालत के लगातार खराब होने के साथ ही आम नागरिको विशेषकर गरिब वर्ग की समस्याओ के समाधान के लिये कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव से भी आग्रह करते हुये कहा कि वर्तमान में यहां के नागरिक धुंधडका स्वास्थ्य केन्द्र या फिर निजी चिकित्सालयो में अपना उपचार करवाते है। शासन द्वारा पर्याप्त धन व्यय करने के बावजुद सिर्फ स्टाफ की तेनाती नही किये जाने के कारण शासन की बेशकिमती भवन खंडर में तब्दील होता जा रहा है। श्री भाटी ने जनहित से जुडे इस मामले में मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग से भी दलौदा स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को प्रारंभ करते हुये स्टाफ तैनाती हेतु कदम उठाने का आग्रह किया है जिससे दलौदा नगर सहित आसपास के ग्रामीणो को स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ मिल सके।

## भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

**लूनाहेड़ा, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय किसान संघ जिला इकाई मन्दसौर जिले की मासिक बैठक संपन्न हुई। जहां पर सदस्यता की संक्रियता एवं लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए बैठक आहूत की गई। आगामी बैठक 20 जनवरी 2024 को सीतामऊमें 11,30 बजे हाडियाबाग हनुमान मंदिर गौशाला पर होगी। जहां पर प्रांतीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी डुगरसिंह सिसोदिया, संभाग अध्यक्ष भंवरसिह पंवार , प्रांतीय सदस्य जिला संरक्षक राधेश्याम पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, जिला मंत्री राधेश्याम ठन्ना, प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश चौधरी जाट, मदनसिह सिसोदिया, कोमल पुरी मंदसौर तहसील मंत्री, मदनलाल टांक सीतामऊतहसील अध्यक्ष, मोहनलाल लौहार, मल्हारगढ तहसील अध्यक्ष, गोवर्धनसिंह, रिटायर्स फोजी महेश राठोर, उदयसिंह, अनिल पाटीदार लूनाहेडा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे।

# शराब पिलाकर कार चोरी करने का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**पिपलियामंडी, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** झारड़ा में अगरबत्ती से भरी कार चोरी हो गई। कार मालिक ने चोरी की आशंका में तीन लोगों के नाम पुलिस को बताए। ईरली निवासी सत्यनारायण कछावा ने झारडा पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि वह राजस्थान से अगरबत्ती बेचकर गांव जा रहा था। झारड़ा में हरमाला रोड़ पर कार (आरजे 02 सीडी 0725) को खडा किया था। दोस्तों के साथ शराब पीने चला गया। कार में 5 अगरबत्ती के कट्टे व 25 हजार रुपए नकदी थी। मुझे शंका है कि मुझे शराब पीलाने के बाद मेरे दोस्त अनुपपुरा निवासी दिलीप पिता वकील गौड, बोरदिया निवासी राजू टेलर व एक अन्य व्यक्ति मेरी कार चोरी कर भाग गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 73 | 2160 | 2270 |
| उडद | 15 | 8400 | 10500 |
| सोयाबीन | 5000 | 3651 | 4801 |
| गैहु | 1528 | 2500 | 3200 |
| चना | 42 | 4800 | 5089 |
| मसुर | 41 | 4400 | 6150 |
| धनिया | 225 | 5000 | 6751 |
| लहसुन | 8000 | 12000 | 25500 |
| मैथी | 359 | 4900 | 6300 |
| अलसी | 1015 | 4020 | 5166 |
| सरसो | 276 | 3800 | 5101 |
| तारामीरा | 00 | 00 | 00 |
| इसबगोल | 21 | 9880 | 15301 |
| प्याज | 7000 | 300 | 1700 |
| कलोंजी | 44 | 12500 | 16976 |
| डॉलर | 6 | 5460 | 12500 |
| तिल्ली | 2 | 14781 | 15851 |
| मटरसुखी | 00 | 00 | 00 |
| असालीया | 5 | 8558 | 9791 |

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके आंगन तक आई है-महामहिम राज्यपाल

## राज्यपाल पटेल एवं उप मुख्यमंत्री देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम सूठोद में हुए शामिल

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र के गांव सूठोद में शामिल हुए। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर में महामहिम राज्यपाल श्री पटेल द्वारा कहा गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके आंगन तक आई है। इसका लाभ जरूर उठाएं। देश इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। भारत बहुत अच्छे भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी भारत की सदी होगी। भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। उसमें हम सब की भागीदारी होगी। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष, ग्राम सरपंच सहित कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, श्री नानालाल अटोलिया सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे।



महामहिम राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था। लेकिन अब संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाये जा रहे हैं, वहीं गरीब व्यक्तियों को नि:शुल्क 5 लाख तक का इलाज आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसमें हम सभी का योगदान आवश्यक है। स्?व सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। समूह की महिलाएं भी अब 15 से 20 हजार महीने के कमा रही है। आजीविका के माध्यम से महिलाओं को विश्वास, साहस, और पैसा मिल रहा हैं। अब एक-एक योजनाओं की एक-एक स्टोरी और कहानी बन रही है। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि, मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक, जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। महिलाएं अब अपने परिवार की उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि यात्रा का पड़ाव लगातार चल रहा है। और इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। महामहिम राज्यपाल भी जन-जन की पीड़ा से जुड़े हुए हैं। इसलिए आज इनकी ख्याति प्रदेश में है। सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी का ध्यान भी इनके द्वारा करवाया गया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा भी विकास के लिए लगातार समर्पित है। केंद्र सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, वे सभी योजनाएं धरातल पर चल रही है। जो हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित है, इन सब के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। राज्यपाल श्री पटेल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। नन्ही बालिका विश्वेश्वरी भट्ट द्वारा कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण रामायण सुनाने पर महामहिम राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**महामहिम राज्यपाल ने सभी को विकसित भारत में योगदान देने की शपथ भी दिलाई**–महामहिम राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक कर्तव्य निभाने की शपथ भी दिलाई।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी में हितग्राहियों ने सुनाए अपने अनुभव**– कार्यक्रम में विभिन्न योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव सुनाए। हितग्राही चित्रा राव कहती है कि, वे स्वसहायता समूह से जुडी हुई है और स्वयं सहायता समूह के कारण आज आत्मनिर्भर है। हितग्राही अंगूर बाला नायक द्वारा बताया गया कि उनके पति को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ मिला है। उसकी वजह से इन्होंने अपने पति का तीन लाख रुपए का इलाज करवाया है। जगदीश मालवीय द्वारा बताया गया कि उनको 7 लाख रुपए की मदद सरकार से मिली है। जिससे उन्होंने बागवानी की खेती शुरू की है। इस तरह हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

## डिप्टी सीएम देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पहेड़ा में शामिल हुए

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र ग्राम पहेड़ा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान गांव में आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए गए। शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ किया। उसके पश्चात शिविर में स्कूल के नन्ही-नहीं बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से यह भी तय हो रहा है कि किन लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और किन लोगों को नहीं मिल रहा है। जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, ऐसे व्यक्ति लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन भी कर रहे हैं और उनके आवेदनों का तत्काल निराकरण भी किया जा रहा है। हर कमजोर व्यक्ति का ध्यान सरकार रखती है। उसकी हर संभव सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री ने पूरे देश का विचार किया है, हर परिवार को शुद्ध पानी मिले, शुद्ध पानी मिलने से बीमारियों का प्रकोप कम होता है, इसके लिए जल जीवन मिशन बनाया गया। हर गांव में काम चल रहा है। घर-घर में नल से पानी मिलेगा। बीमार होने पर इलाज के लिए अस्पताल बनाए गए। आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। जिससे बीमार व्यक्ति कहीं पर भी अपना फ्री में इलाज करवा सकता है। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान श्री नानालाल अटोलिया, जिला एवं जनपद सदस्य, सभी जनप्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, बडी संख्या में ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे।

# मदहोश कर अपने ही साथी की कार चुराने वाले गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**नारायणगढ़, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाने की झारड़ा चौकी क्षेत्र में शराब पिलाकर मदहोश कर साथियो द्वारा ही कार चुरा ले जाने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से कार को बरामद कर लिया है। वहीं एक नाबालिग फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

झार्डा चौकी प्रभारी जितेंद्र गर्ग से मिली जानकारी के अनुसार सत्यनारायण पिता मांगीलाल कछावा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 जनवरी की रात आरोपी दिलीप पिता वकील गोड निवासी अनुपपुरा, राजू टेलर निवासी बोरदिया जिला नीमच और इनका एक नाबालिग साथी ने उसे हरमाला रोड, झार्ड़ा बस स्टेण्ड के निकट शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गया तो तीनों उसकी ओमनी कार चुरा ले गए। मामले में पुलिस से की गई शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले, इसमें आरोपी कार ले जाते हुए दिखे। सीसीटीवी फुटेज और मुखबीर से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने खेताखेड़ा गांव के निकट से आरोपी दिलीप और राजू टेलर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की कार को बरामद कर लिया। आरोपियो का एक नाबालिग साथी फरार है।

# कुत्तों के हवाले शहर, नसबंदी में लापरवाही



## श्वानों द्वारा काटने के रोजाना आ रहे अनेक मामले

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में कुत्तो का आतंक लगातार जारी है। यह भी कहा जा सकता है कि कुत्तो के हवाले शहर हो गया है। रोजाना बड़ी संख्या में श्वानो के काटे जाने से पीड़ित अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। विशेषकर बच्चों को लेकर चिंता लोगों को सता रही है। इधर नगर पालिका का एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम जारी होने के बाद भी डॉग बाइट के मामले में कोई खास कमी नहीं आई है। आधे से भी कम कुत्तों की वैक्सीनेशन व नसंबदी की जा सकी है। जानकारों का कहना है कि वर्तमान में कुत्तों का प्रजनन समय होने व ठंड के कारण ये एग्रेसिव रहते हैं। इसके चलते थोड़ा भी परेशान करने पर सीधा हमला कर देते हैं।

बताया गया है कि शहर में 2 हजार से अधिक कुत्ते हैं, इनमें से 500 के करीब पालतू हैं। लेकिन, निकाय में एक का भी रजिस्ट्रेशन नहीं किया है। इस बीच बड़े अस्पताल में भी बीते कुछ माह से बड़ी संख्या में डॉग बाइट के मामले पहुंच रहे है। शहरवासियों के मुताबिक आवारा कुत्तों का आतंक हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। इनसे परेशान होकर रहवासियों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायतें दर्ज कराई हुई हैं। इसके अलावा क्षेत्र के रहवासी कई बार थाने व नपा कार्यालय पहुंच चुके हैं। उनका कहना है कि आवारा कुत्तों के भय के चलते बच्चों के साथ बड़ों का बाहर रहना भी मुश्किल हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिसंबर-जनवरी कुत्तों का प्रजनन काल होता है। इस दौरान जब पिल्ले पैदा होते हैं तब मां ज्यादा आक्रामक हो जाती है और कोई पिल्लों को छूने या कुछ करने की कोशिश भी करता है तो उस पर वार कर देती है। इसके अलावा ठंड से भी एग्रेसिव होने के कारण डॉग बाइट के मामले दिसंबर-जनवरी में ज्यादा आते हैं।

### एक हजार का नसंबदी लक्ष्य...

जानकारी के मुताबिक सितंबर में नपा ने रजिस्टर्ड संस्था से एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम के तहत टेंडर प्रक्रिया पूरी होने व वर्कऑर्डर जारी होने के बाद शहर में नसबंदी अभियान की भी शुरुआत की। एक हजार में से 500 के करीब कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन किया है, कार्य लगातार जारी है। हालांकि, शहर में लगभग 2 हजार कुत्ते है, जिनकी नसबंदी की जानी है।

# मंदसौर हॉकी सीनियर टीम स्टेट चैंपियनशीप प्रतियोगिता के फाईनल में पहुंची

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हॉकी टीम पहुंची राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश द्वारा इटारसी में आयोजित सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के 38 जिले भाग ले रहे हैं। जिसमें आज मंदसौर ने सेमीफाइनल में जबलपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मध्य प्रदेश टीम का चयन के लिए कराई जा रही सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में आज मंदसौर ने सेमीफाइनल में जबलपुर को 4-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया मंदसौर टीम द्वारा खेल की शुरुआत से ही जबरदस्त प्रदर्शन किया गया मंदसौर की और से अक्षय दुबे ,तुषार, यश बाथम व लक्ष्य ने एक-एक गोल किया उधर दूसरे सेमीफाइनल में ग्वालियर और भोपाल के बीच में जबरदस्त मैच हुआ जिसमें ग्वालियर ने ट्राई ब्रेकर में भोपाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया कल मंदसौर का मैच ग्वालियर से होगा ज्ञात रहे पिछले वर्ष भी इन्हीं दोनों टीमों मंदसौर और ग्वालियर ने दमोह में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की फाइनल में प्रवेश किया था जहां पेनल्टी शूटआउट में ग्वालियर विजेता रहा था और मंदसौर उपविजेता लेकिन इस बार मंदसौर के पास मध्य प्रदेश विजेता बनने का बहुत खूबसूरत मौका है। मंदसौर टीम इस प्रकार है गोलकीपर कीर्ति राज, वैभव खुशलानी, अक्षय दुबे, गौरव भक्तानी, तुषार परमार ,लक्ष्य रैकवार, यस बाथम, जय मंडोवरा , अश्विन उपाध्याय, अश्विन पोरवाल, मोहित कहार, उदित कुमावत, ऋषि मौर्या, भरत सिंह, मीत चौहान, निखिल खींची, चिराग, अंशुल माथुर खिलाड़ी शामिल हुए। इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विनोद जी गर्ग, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विनोद जी गर्ग, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज़्ज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला ,अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन, आई, एस , कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।



# नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व सीएमओ श्री सुधीरकुमार सिंह ने ग्राम सिंदपन स्टेशन के समीप स्थित नपा के ट्रेंचिंग ग्राउंड का आकस्मिक निरीक्षण किया। सांसद श्री सुधीर गुप्ता के द्वारा पिछले दिनों हुई विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में ट्रेंचिंग ग्राउंड के संबंध में आवश्यक सुधार करने संबंधी चर्चा हुई थी। बैठक में सांसद श्री गुप्ता के द्वारा सीएमओ श्री सिंह को दिये गये निर्देश एवं उनकी मंशा के अनुरूप नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर के नेतृत्व में नपा की टीम ने ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित नपा के कर्मचारियों से चर्चा की।



नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व नपा सीएमओ श्री सिंह को नपा के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री हेमचंद शर्मा, गैरेज सहायक जाकिर भाई ने बताया कि नपा परिषद के द्वारा ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर 30 कंपोस्ट पीठ बनाई गई है इस पीट में खाद तैयार की है। इस खाद का उपयोग नपा की उद्यान शाखा के द्वारा बगीचों में किया जा रहा है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर मटेरियल रिकवरी फेसिलीटी अपनी क्षमतानुसार कार्य कर रही है। यहां विधिवत कचरे का पृथकीकरण किया जा रहा है तथा जो कचरा नपा के वाहनों से आता है उसमें लोहा, नायलोन, लकडी व अन्य चीजों को पृथक-पृथक किया जाता है। जैव विविधता को प्रोत्साहित करने हेतु ट्रेचिंग ग्राउंड पर औषधीय पौधे रोपे गये है तथा इनका पृथक से एक छोटा उद्यान विकसित किया जा रहा है। ट्रेचिंग ग्राउंड पर पर्यावरण की सुरक्षा एवं उसे स्वच्छ रखने हेतु यहां सुंदर पार्क (बगीचे) का निर्माण भी किया गया है। तथा इसमें पेवर ब्लॉक भी लगाये गये है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पोकलेन, जेसीबी मशीन एवं डंपर के द्वारा निरंतर कचरे का निपटान निकाय के द्वारा किया जा रहा है। लिगेसी वेस्ट के समाधान हेतु म.प्र. शासन के द्वारा भी निविदा निकाली गई है। निविदा स्वीकृत होते ही कचरे के निपटान की वैज्ञानिक तरीके से निपटान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी। पिछले दिनों दिल्ली की टीम के द्वारा भी इस ट्रेचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया गया था उन्होंने भी यहां की व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान हुडको के डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्री सुनील जैन महाबली भी साथ थे।

## कुमठ की पुण्यतिथि पर होंगे आयोजन

**पिपलियामंडी, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के प्रथम देहदानी मिश्रीलाल कुमठ की 10 वीं पुण्यतिथि पर 9 जनवरी को विभिन्न आयोजन होंगे। अशोक कुमठ ने बताया प्रात: 8.30 बजे पिपलिया विमलनाथ जैन मंदिर में स्नात्र पूजा पढाई जाएगी। शाम 4 बजे मंदसौर अपना घर में सभी छात्र-छात्राओं को जैन सोश्यल गुरप के तत्वावधान में उनी वस्त्र भेंट किए जाएगें।

# वार्ड 39 में अक्षत कलश यात्रा निकली, कलश का हुआ पूजन

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आयोजित होना है। इसके अंतर्गत मेरा मंदिर, मेरी अयोध्या, मेरी बस्ती के तहत कालिदास बस्ती यश नगर, मेघदूत नगर गांधीनगर वार्ड क्र 39 में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें अक्षत कलश का पूजन भी किया गया। जिसमें राम भक्तों ने बड़े ही उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों पर अयोध्या से आए निमंत्रण कार्ड व अक्षत चढ़ाकर सभी आमजनों को आमंत्रित किया गया व भगवा ध्वज लहराते हुए ढोल कि थाप पर सभी श्रद्धालु भक्तों ने नाचते हुए अक्षत यात्रा में उत्साह के साथ घर-घर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद भारती पाटीदार ने कहा कि 22 जनवरी का शुभ दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का दिन है प्रत्येक सनातनी इस दिन का बेसबरी से इंतजार कर रहा था। आज अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आमजनों को आमंत्रण देने हेतु अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्रवासियों को पीले चावल भेंटकर आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक नेमीचंद खिमेसरा, कृष्ण गोपाल सोलंकी, अंत्योदय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पुलकित पटवा, समाजसेवी डॉक्टर गौतम वप्ता, चौहान साहब, राम पाटीदार, चेतना पांडे, कृष्णा वप्ता, रेखा गुप्ता, कल्पना, नेहा, पूजा, हंसा जैन, विद्या शर्मा सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



# शीत लहर को देखते हुए सुबह 10 बजे बाद लगेंगे स्कूल

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने शाला समय परिवर्तन का आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक सुबह 10 बजे पहले किसी भी स्कूल की क्लास नहीं लगेगी। आदेश मध्यप्रदेश के सभी कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए है।

सोमवार को जारी आदेश के अनुसार ऐसे सभी सरकारी और निजी स्कूल जो सुबह जल्दी शुरु होते है, वे सभी सुबह 10 बजे बाद शुरु होंगे। दो पालियों में चलने वाले सरकारी और निजी विद्यालय भी सुबह 10 बजे बाद ही शुरु होंगे। ऐसे विद्यालय जो सुबह 10.30 बजे बाद शुरु होते है, वे निर्धारित समय पर चलेंगे। इसके साथ ही यह भी कहा गया है की 6वी से 12वी तक की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय पर होगी।

**✻नाम परिवर्तन✻**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रेखा निर्विकार रातड़िया ने अपना नाम परिवर्तन कर रेखा रातड़िया कर लिया है। अतः आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम रेखा रातड़िया के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।**

**पता-रामटेकरी, मंदसौर**

**✻ उठावना ✻**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करने में आता है कि मेरी धर्मपत्नी रामेश्वरी देवी मुंदड़ा का स्वर्गवास पौष बदी एकादशी, दिनांक 7 जनवरी 2024, रविवार को हो गया हैं, जिनका उठवाना 9 जनवरी 2024, मंगलवार को दोपहर 2 बजे माहेश्वरी धर्मशाला, नारायणगढ़ पर रखा गया हैं।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**बंशीलाल मूंदड़ा (पति), बापुलाल, श्रीमल, सत्यनारायण (देवर) जगदीश, महेश, सुरेश, मुकेश (पुत्र), दीपक, विनीत, नमन, राघव (पौत्र) एवं समस्त मुंदड़ा परिवार, नारायणगढ़ फर्म – मे. बंशीलाल किशनलाल मुंदड़ा, नारायणगढ़**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत अयोध्या बस्ती में नपा ने लगाया शिविर

## शासन की योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का किया वितरण, प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का हुआ प्रसारण

**मंदसौर, 8 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न शासन की योजनाओं के हितग्राहियों को एक ही स्थान पर जिला प्रशासन व नपा परिषद के द्वारा संयुक्त रूप से अयोध्या बस्ती में शिविर लगाया गया। वार्ड नं. 1, 2, 40, 37, 38, 39, 4, 5, 8, 14,22 के हितग्राहियों को केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सोमवार के अयोध्या बस्ती स्थित श्री निषादराज भवन में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आये हितग्राहियों ने मोदीजी के संबोधन हेतु एलईडी की व्यवस्था की गई और उसके माध्यम से हितग्राहियों को प्रधानमंत्रीजी के संबोधन को दिखाया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, नपा सभापतिगण श्रीमती निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, पार्षदगण अनिल मालवीय, कमलेश सिसौदिया, भारती पाटीदार, गोरर्धन कुमावत, अनूप माहेश्वरी, सुनीता भावसार, सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह, एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य, भाजपा नेता राजेश गुर्जर ने हितग्राहियों को हितलाभ के पत्रकों का वितरण किया गया। तथा प्रधानमंत्री श्री मोदीजी के संबोधन को भी देखा व सुना। इस अवसर पर नपा के सिटी मिशन मैनेजर अजय शर्मा, महिला बाल विकास मंदसौर नगर के परियोजना अधिकारी बी.आर. मुजाल्दे, शासन के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, शा. महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी। जिसे सभी ने सराहा। अतिथिगणों ने कन्या पूजन भी किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की जितनी भी योजनाएं उनका लाभ हितग्राहियों को मिले इसलिये विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। नपा परिषद इसके अंतर्गत नगर के तीन स्थानों पर शिविर लगा रही है। इन शिविरों में हितग्राहियों को एक ही स्थान पर शासन की योजनाओं की जानकारी व हितलाभ प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदीजी ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधी योजना, स्वच्छ भारत अभियान, खेला इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जन औषधि योजना बनाई है। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती चावला ने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रचार प्रसार में आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका का महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी की बहने केन्द्र व प्रदेश की सरकार की योजनाओं को हितलाभ दिलाने के लिये घर घर जाती है।



**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

**क्रमांक क्यू** **मंदसौर, दिनांक 08.01.2024**

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एसी 7502 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में बगदीराम डांगी पिता चुन्नीलालजी निवासी कोटड़ामाता, तहसील+जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती रामकुंवर डांगी पति बगदीराम निवासी कोटड़ामाता, तहसील+जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in